# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022


*संख्या–98/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने दीपावली के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना 19 अक्टूबर, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने दीपावली के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि दीपावली सनातन संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। दीपों का यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर हम समाज के बेसहारा और जरूरतमंद लोगों के जीवन में आशा और खुशी का दीप जलाने का संकल्प लें।

राज्यपाल ने इस त्योहार के अवसर पर बिहारवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना की है तथा सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने का आवाहन किया है।

.............................................